**प्रेस विज्ञप्ति**

**मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार 2023 समारोह में डॉ. मोहन यादव मान. मुख्यमंत्री और श्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया 11 विक्रम, 11 एकलव्य, 03 विश्वामित्र और 01 लाइफटाईम अचीवमेन्ट पुरस्कार और 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 उत्तराखंड के 121 पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित**

भोपाल, दिनांक 5.08.2025

आज दिनांक 05 अगस्त 2025 को सांय 5:30 बजे म.प्र. शासन ने राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार वर्ष 2023 का रवीन्द्र भवन भोपाल में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् से किया गया।

रवीन्द्र भवन में आयोजित इस राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार समरोह के डॉ. मोहन यादव, मान. मुख्यमंत्री के मुख्य अतिथि एवं श्री विश्वास कैलाश सारंग मान. मंत्री खेल और युवा कल्याण म.प्र की अध्यक्षता में 11 विक्रम, 11 एकलव्य, 03 विश्वामित्र और 01 लाइफटाईम अचीवमेन्ट पुरस्कार और राष्ट्रीय खेल 2025 उत्तराखंड के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि से सम्मानित किया।

**मान. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई**

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव, मान. मुख्यमंत्री ने सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं राष्ट्रीय खेल 2025 उत्तराखंड के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुये, उन्हें खेल के माध्यम से उज्जवल भविष्य के लिए और बेहतर खेल और कार्य करने को प्रोत्साहित करते हुये अपनी बधाई दी।

**खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की बधाई**

इसी कड़ी में प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. श्री विश्वास कैलाश सारंग ने विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र लाईफ टाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को इस सम्मान को परिभाषित करते हुये बताया की यह सम्मान आपको योग्यता, जिम्मेदारी, साहस और अपने कर्तव्यों को निरंतर निर्वहन करते हुये उज्जवल भविष्य में योगदान देने का दायित्व है।

उन्होंने राष्ट्रीय खेल 2025 उत्तराखंड के पदक विजेता खिलाड़ियों को राज्य की श्रेणी में लगातार 02 बार तृतीय स्थान अर्जित करने पर बधाई दी और उन्हें भविष्य में आयोजित राष्ट्रीय खेल में प्रथम स्थान अर्जित करने का संकल्प भी दिलाया। मान. मंत्री खेल ने समारोह में पहुंचे प्रतिभावान खिलाड़ियों को और बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुये प्रदेश और देश को गौरवान्वित करने के लिए अपनी शुभकामनाऐं दी।

इस अवसर पर श्री रमेश मेंदोला, मान. विधायक एवं अध्यक्ष, म.प्र. ओलम्पिक संघ श्री दिग्विजय सिंह, सचिव, म.प्र. ओलम्पिक संघ, श्री मनीष सिंह, मुख्य सचिव, श्री अजय श्रीवास्तव, उप सचिव, श्री राकेश गुप्ता, संचालक खेल, श्री बी.एस.यादव, संयुक्त संचालक, विभागीय अधिकारी, खेल संघों के पदाधिकारी, पत्रकारगण, खेल प्रशिक्षक और बडी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**समारोह में 11 विक्रम, 11 एकलव्य, 03 विश्वामित्र और 01 लाइफटाईम अचीवमेन्ट पुरस्कार और 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियो का विवरण**

1. 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार प्रति खिलाड़ी राशि रु 1,00,000/– के मान से कुल 11,00,000/–
2. 11 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार प्रति खिलाड़ी राशि रु 2,00,000/– के मान से कुल 22,00,000/–
3. विश्वामित्र/लाइफटाइम एचीवमेंट (4 सदस्य) पुरस्कार प्रति खिलाड़ी राशि रु 2,00,000/– के मान से कुल राशि 8,00,000/–
4. शिखर खेल अलंकरण के 26 अवार्डियों को कुल राशि रु. 41 लाख से सम्मानित।
5. 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता, कुल 82 पदक विजेता 121 खिलाडियों को स्वर्ण – राशि 5.00 लाख, रजत राशि रु.3.2 लाख और कांस्य – 2.4 लाख के मान कुल राशि रु. 5.46/– से सम्मानित।
6. शिखर खेल अलंकरण के सभी खिलाडियों को कुल राशि रु.5.87 करोड़ की पुरस्कार राशि से सम्मानित।।

## एकलव्य पुरस्कार–2023

**व्यक्तिगत खेल – ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल – 09 पुरस्कार**

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रितुराज बुन्देला | श्री लक्ष्मण सिंह बुन्देला | शूटिंग | टीकमगढ़ |
| 2 | भूमि बघेल | श्री विजय कुमार | क्याकिंग–केनोइंग | महेश्वर |
| 3 | कृष्णा मिश्रा | श्री राकेश मिश्रा | स्क्वेश | इन्दौर |
| 4 | पूजा दांगी | श्री कैलाश दांगी | फेंसिंग | राजगढ़ |
| 5 | प्रभाकर सिंह राजावत | श्री दीवान सिंह राजावत | रोइंग | ग्वालियर |
| 6 | नेहा ठाकुर | श्री मुकेश कुमार ठाकुर | सेलिंग | देवास |
| 7 | प्रखर जोशी | श्री कैलाश जोशी | तैराकी | इन्दौर |
| 8 | अर्जुन वास्कले | श्री नेमा वास्कले | एथलेटिक्स | खरगौन |
| 9 | प्रियांशी प्रजापत | श्री मुकेश प्रजापत | कुश्ती | उज्जैन |

**दलीय खेल–ओलंपिक/एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में खेले जाने वाले खेल–03 पुरस्कार में से 01**

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 10 | अंकित पाल | श्री संतोष पाल | हॉकी | ग्वालियर |

**ओलंपिक/एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में नही खेले जाने वाले अन्य खेल–01 पुरस्कार**

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 11 | गौरव पचौरी | श्री सुरेश पचौरी | पावर लिफ्टिंग | मुरैना |

# विक्रम पुरस्कार–2023

**व्यक्तिगत खेल–ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल–06 पुरस्कार**

| क्रं. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर | श्री वीर बहादुर सिंह तोमर | शूटिंग | खरगौन |
| 2 | जाह्न्वी श्रीवास्तव | श्री राजेश श्रीवास्तव | क्याकिंग–केनोइंग | भोपाल |
| 3 | रागिनी मार्को | श्री मान सिंह मार्को | तींरदाजी | जबलपुर |
| 4 | शिवानी पवार | श्री नदंलाल पवार | कुश्ती | छिन्दवाड़ा |
| 5 | श्रृति यादव | श्री वीरेन्द्र कुमार यादव | बॉक्सिंग | भोपाल |
| 6 | यामिनी मौर्य | श्री हरिओम मौर्य | जूडो | सागर |

**दलीय खेल–ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल–03 पुरस्कार**

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 7 | सचिन भार्गो | श्री भेरू | खो–खो | देवास |
| 8 | नीलू डांडिया | श्री राजकुमार डांडिया | हॉकी | मंदसौर |
| 9 | प्रवीण कुमार दवे | श्री शंभूलाल दवे | सॉफ्टबाल | इन्दौर |

**दिव्यांग श्रेणी–ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल–01 पुरस्कार**

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 10 | रूबिना फ्रांसिस | श्री सिमोन फ्रांसिस | शूटिंग | जबलपुर |

**ओलंपिक/एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में नही खेले जाने वाले अन्य खेल–01 पुरस्कार**

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 11 | अपूर्व दुबे | श्री दिनेश दुबे | पावरलिफ्टिंग | इन्दौर |

# विश्वामित्र पुरस्कार–2023

**व्यक्तिगत खेल–ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल–02 पुरस्कार**

| क्र. | प्रशिक्षक का नाम | पिता का नाम | खेल का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पीजूष कांती बरोई | श्री गोकुल बरोई | क्याकिंग–केनोइंग | भोपाल |
| 2 | श्री अशोक कुमार यादव | श्री बलदेव यादव | तीरंदाजी | जबलपुर |

**दलीय खेल–ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल–01 पुरस्कार**

| क्र. | प्रशिक्षक का नाम | पिता का नाम | खेल का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लोकेन्द्र शर्मा | डॉ. राधाचरण शर्मा | हॉकी | भोपाल |

# लाईफ टाईम एचीवमेन्ट पुरस्कार–2023

वर्ष 2023 के लाईफ टाईम एचीवमेन्ट पुरस्कार हेतु **श्री रतनलाल वर्मा, पुत्र स्व. श्री गंगाराम वर्मा, जिम्नास्टिक खेल, उज्जैन में महत्वपूर्ण योगदान देने पर** वर्ष 2023 के लाईफ टाईम एचीवमेन्ट पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है।

———————————